हरिभूमि
विराट भूमि
शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर

जबलपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026
login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

बरसाती नदी में डूबने से 5 साल के बच्चे की मौत

शहडोल। मानसून की पहली आहट के साथ ही जिले में हादसों का खौफनाक दौर शुरू हो चुका है। सिंहपुर थाना क्षेत्र के मिठौरी गांव में शनिवार को एक रूह कंपा देने वाला हादसा सामने आया, जहां उफनती उतहिला बरसाती नदी ने एक 5 वर्षीय मासूम दिव्यांश कोल को असमय काल के गाल में धकेल दिया। पिता कमलेश कोल एक बार तो बेटे को नदी से खींचकर घर लाए थे, लेकिन मौत को कुछ और ही मंजूर था। मासूम घरवालों को चकमा देकर दोबारा मौत के मुहाने (नदी) पर जा पहुंचा और गहरे पानी में समा गया। जब तक परिजन ढूंढते हुए नदी किनारे पहुंचे, मासूम की सांसें थम चुकी थीं। इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पर पहुंची सिंहपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम कराया है। लेकिन इस मौत ने प्रशासनिक दावों की कलई खोलकर रख दी है। हर साल बारिश में ग्रामीण अंचलों की बरसाती नदियां और तालाब डेथ ट्रैप बन जाते हैं, मगर प्रशासन केवल कागजी अपील और खोखली एडवाइजरी जारी कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। संवेदनशील नदी घाटों पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड है और न ही सुरक्षा के इंतजाम। अगर जिम्मेदार महकमा मानसून से पहले जमीनी स्तर पर मुस्तैद होता, तो आज मिठौरी गांव के एक लाडले की जान यूं बेमौत न जाती।

खेत में मिला युवक का शव

शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के कल्हारी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 40 वर्षीय अरुण कोल पिता वंशपति कोल का संदिग्ध शव एक खेत में लावारिस हालत में पड़ा मिला। इस मौत ने इलाके में हडक्रंप मचा दिया है क्योंकि मृतक के पूरे शरीर पर जलने के खौफनाक निशान मिले हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस जगह लाश मिली, वहां आग लगने या झुलसने का एक भी सबूत नहीं है, जो सीधे तौर पर किसी बड़ी साजिश या मर्डर की तरफ इशारा कर रहा है। थाना प्रभारी जिया उल हक के मुताबिक, अरुण घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परेशान परिजनों की खोजबीन के दौरान उसकी लाश खेत में मिली, जिसके बाद परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में पुलिस को इत्तिला दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया है। घटनास्थल पर बिखरे रहस्य को सुलझाने के लिए पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। अब हर किसी की नजर पोस्टमार्टम की फाइनल रिपोर्ट पर टिकी है, जिसके बाद ही इस खौफनाक मर्डर मिस्ट्री के असली कातिल का चेहरा बेनकाब हो सकेगा।

एसटी आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव भरेंगे कार्यकर्ताओं में जोश

शहडोल। विधानसभा चुनावों के बाद अब संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के इरादे से भारतीय जनता पार्टी शहडोल द्वारा सोमवार 6 जुलाई 2026 को धनपुरी में एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का शंखनाद किया जा रहा है। धनपुरी के इंडोर स्टेडियम के सामने स्थित नवनिर्मित भवन में आयोजित होने वाले इस भव्य और राजनैतिक रूप से बेहद अहम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव शिरकत करेंगे। वे आगामी राजनैतिक रणनीतियों को लेकर संभाग के चप्पे-चप्पे से जुटने वाले जांबाज कार्यकर्ताओं में नया जोश फूंकेंगे। इस सियासी महाकुंभ की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा करेंगी, कार्यक्रम को धार देने के लिए विशिष्ट अतिथि के रूप में शहडोल संभाग संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया और जिला संगठन प्रभारी अभिलाष पांडे विशेष रूप से मौजूद रहकर जीत के मंत्र साझा करेंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय क्षत्रप और आदिवासी चेहरों में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, ब्यौहारी विधायक शरद कोल सहित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा भी मंच साझा करेंगी। इस महासम्मेलन को सफल बनाने और विपक्षी खेमे में खलबली मचाने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

शहडोल मेडिकल कॉलेज में ब्लैकआउट से हाहाकार उमस और गर्मी में तड़पते रहे मासूम और बुजुर्ग

जबलपुर के इंजीनियरों के भरोसे लाचार प्रबंधन

शहडोल। संभागीय मुख्यालय के सबसे बड़ा लाइफलाइन कहे जाने वाले बिरसा मुंडा शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक बेहद शर्मनाक और संवेदनहीन तस्वीर सामने आई है। मेडिकल कॉलेज की मुख्य बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहने से अस्पताल परिसर किसी यातनागृह में तब्दील हो गया। भीषण गर्मी और आसमान से बरसती उमस के बीच वार्डों में भर्ती मरीज, नवजात बच्चे और बुजुर्ग बिना पंखे-कूलर के तड़पने को मजबूर हो गए। इस गंभीर ब्लैकआउट ने करोड़ों की लागत से बने इस आलीशान मेडिकल कॉलेज के मेंटेनेंस और तकनीकी दावों की कलई खोलकर रख दी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब संभाग के सबसे बड़े अस्पताल का यह हाल है, तो आम जनता अपनी जान बचाने कहां जाए?

गरीब तीमारदार हाथ के पंखे से झाड़ रहे हवा

जानकारी के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज परिसर के भीतर एक गंभीर तकनीकी इलेक्ट्रिकल फॉल्ट आने के कारण मुख्य बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप हो गई। बिजली गुल होते ही पूरे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। इसका सबसे वीभत्स और दर्दनाक असर ओपीडी परिसर, जनरल वार्डों और मरीजों के परिजनों के प्रतीक्षालय में देखने को मिला। उमस के कारण वार्डों की दीवारें भट्टी की तरह तपने लगीं। गर्मी से बेहाल बेबस तीमारदार अपने बीमार बच्चों और बुजुर्गों को तड़पता देख खुद गत्ते और हाथ के पंखों से हवा करते नजर आए। हैरानी की बात यह है कि जहां एक तरफ आम मरीज पसीने से लथपथ होकर तड़प रहे थे, वहीं अस्पताल प्रबंधन एसी कमरों में बैठकर सब ठीक है का राग अलाप रहा था। इस अव्यवस्था को लेकर मरीजों के परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

जनरेटर-यूपीएस का खोखला दावा

बिजली गुल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने अपनी खाल बचाने के लिए फौरन एक घिसा-पिटा दावा ठोक दिया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि उन्होंने ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू, लेबर रूम और पैथोलॉजी जैसी अति-आवश्यक चिकित्सा सेवाओं को जनरेटर और यूपीएस बैकअप के जरिए चालू रखा है। प्रबंधन ने यह भी सीना ठोककर कहा कि बिजली बाधित रहने के बावजूद किसी भी मरीज के इलाज में कोई बाधा नहीं आई, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। अगर बैकअप की व्यवस्था इतनी ही तंदुरुस्त थी, तो आम मरीजों को इस नरकीय स्थिति में क्यों धकेला गया? क्या केवल वीआईपी और खास कमरों को रोशन रखना ही अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी है? क्या जनरल वार्ड में भर्ती गरीब मरीजों की जान की कोई कीमत नहीं है? यह बिजली संकट साफ बयां कर रहा है कि अस्पताल का वैकल्पिक बिजली सिस्टम पूरी तरह से चरमरा चुका है और सिर्फ कागजी घोड़ों के दम पर व्यवस्थाएं चलाई जा रही हैं।

जबलपुर की टीम का इंतजार

इस पूरे मामले पर अपनी लाचारी जाहिर करते हुए मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह ने माना कि तकनीकी इलेक्ट्रिकल फॉल्ट के कारण मुख्य बिजली आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने यह भी कबूला कि इससे मरीजों और परिजनों को असुविधा का सामना करना पड़ा है, लेकिन उनका यह बयान भी अस्पताल की लाचारी को उजागर कर गया कि फॉल्ट को सुधारने के लिए अब जबलपुर से तकनीकी विशेषज्ञों की स्पेशल टीम बुलाई जा रही है, जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि करोड़ों का बजट डकारने वाले इस मेडिकल कॉलेज में क्या स्थानीय स्तर पर एक अदद सीनियर इलेक्ट्रिकल इंजीनियर या कोई ऐसा एक्सपर्ट मौजूद नहीं है जो इस खराबी को तुरंत दुरुस्त कर सके? छोटी-छोटी तकनीकी खामियों के लिए भी यदि दूसरे शहरों की टीमों का मुंह ताकना पड़ेगा, तो भगवान न करे यदि इस बीच कोई बड़ी अनहोनी या किसी गंभीर मरीज की मौत हो जाती, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता?

सिर और पैरों में आई गंभीर चोटें, निजी अस्पताल में जिंदगी की जंग

जर्जर दीवार ढहने से मलबे में दबे तीन मासूम

शहडोल। शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत रेलवे इंस्टिट्यूट के पास रविवार को एक ऐसा भयावह हादसा हो गया, जिसने रेलवे महकमे के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को सरेआम बेनकाब कर दिया है। बरसों से जर्जर और मौत का आमंत्रण दे रही रेलवे की एक पुरानी दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। इस खूनी मलबे की चपेट में वहां खेल रहे तीन बेकसूर बच्चे आ गए। दीवार गिरते ही चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में हडक्रंप छा गया। स्थानीय लोगों ने अगर अपनी जान पर खेलकर फुर्ती न दिखाई होती, तो आज शहडोल एक बहुत बड़ी त्रासदी का गवाह बनता।

मलबे से खींचकर निकाली गई जिंदगी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दीवार इतनी खोखली हो चुकी थी कि बच्चों को वहां से भागने तक का मौका नहीं मिला। मलबे में दबे लहूलुहान बच्चों की चीखें सुनकर आसपास के नागरिक देवदूत बनकर दौड़े। लोगों ने अपने हाथों से भारी-भरकम पत्थर और मलबा हटाकर

तीनों बच्चों को बाहर निकाला। हादसे में 10 से 12 वर्ष के यश कुमार, निशांत कुमार और अंशुमन पांडे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, मासूमों के सिर पर खतरनाक गंभीर चोट आई है और पैरों की हड्डियां फ्रैक्चर हो चुकी हैं। फिलहाल तीनों तड़पते हुए मासूमों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वे जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं।

तो मौत के बाद जागेगा महकमा

हादसे की खबर मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच का शुरू कर दी, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इस गंभीर हादसे का असली गुनहगार कौन है? स्थानीय जनता में रेलवे प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। नागरिकों का साफ कहना है कि रेलवे की इन जर्जर दीवारों और जर्जर ढांचों की शिकायतें कई बार की जा चुकी हैं, लेकिन बड़े साहबों के

कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। क्या रेलवे विभाग किसी मासूम की मौत का इंतजार कर रहा था। जनता अब उग्र आंदोलन की चेतावनी दे रही है कि सिर्फ जांच के नाम पर लीपापोती बंद की जाए। शहर भर में फैले रेलवे के ऐसे सभी खस्ताहाल और खतरनाक निर्माणों को तत्काल ध्वस्त किया जाए या उनकी मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी और मां की गोद सूनी न हो।

आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

शहडोल। जिले के खैरहा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, रोज की तरह खेत में मवेशी चराने गई 58 वर्षीय बेबस महिला समुद्री कोल पर आसमान से मौत बनकर बिजली कडक़ड़ाई। इस आकाशीय गाज ने महिला को संभलने तक का मौका नहीं दिया और मौके पर ही तड़प-तड़प कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। शाम ढलने के बाद भी जब समुद्री कोल घर नहीं लौटी, तो परिजनों के दिल की धडक़नें तेज हो गईं। अनहोनी की आशंका से घबराए पति लक्ष्मण कोल और ग्रामीणों ने चारों तरफ खोजबीन शुरू की। ढूंढते-ढूंढते जब लोग खेत में पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर पैरों तले जमीन खिसक गई। एक आम के पेड़ के नीचे समुद्री कोल अचेत अवस्था में निष्प्राण पड़ी थी। आसमान से गिरी बिजली के निशान घटनास्थल पर साफ गवाही दे रहे थे कि हमला कितना खौफनाक था।

इस भयावह त्रासदी की सूचना मिलते ही खैरहा थाना पुलिस आनन-फानन में दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हालांकि, प्रथम दृष्टया मामला पूरी तरह से आकाशीय बिजली का शिकार होने का ही है, लेकिन पुलिस प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम की फाइनल रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों की आधिकारिक मुहर लगेगी। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

एक ही वक्त में डॉक्टर दो जिलों से उठा रहा था सरकारी सैलरी

अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहा था फर्जीवाड़ा

शहडोल।

भ्रष्टाचार की दीमक किस कदर सरकारी सिस्टम को खोखला कर रही है, इसका जीता-जागता और शर्मनाक नमूना शहडोल में देखने को मिला है। जयसिंहनगर के उफरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ जिस मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेश चंद्र शर्मा को लोकायुक्त ने रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा था, अब उसके गुनाहों की एक ऐसी परत खुली है जिसे सुनकर पूरा स्वास्थ्य महकमा थर्रा गया है। यह भ्रष्ट डॉक्टर एक ही समय में शहडोल और श्योपुर, दोनों जिलों में फुल-टाइम सरकारी नौकरी कर रहा था और दोनों ही जगह से बकायदा वेतन भी डकार रहा था। इस खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग में हडक्रंप मच गया है।

फर्जीवाड़े का आलम देखिए कि डॉ. शर्मा साल 2021 से श्योपुर के विजयपुर ब्लॉक में अपनी सेवाएं दर्ज करा रहा था और इसी दौरान वर्ष 2024-25 में उसने जिले में भी एनएचएम के तहत जॉइनिंग ठोक दी। हद तो तब हो गई जब दोनों जिलों का प्रशासन इस अदृश्य डॉक्टर की समय-समय पर वीआईपी ड्यूटी भी लगाता रहा। सवाल यह उठता है कि क्या जिले के आला अफसरान भांग खाकर सो रहे थे? इतनी बड़ी अनियमितता सालों-साल चलती रही और किसी भी स्तर पर मॉनिटरिंग सिस्टम को भनक तक नहीं लगी।

सूत्रों की मानें तो शहडोल में सार्थक ऐप पर अटेंडेंस न होने के कारण पिछले कुछ महीनों से इस शातिर डॉक्टर की सैलरी रोकी गई थी। लोकायुक्त के शिकंजे के बाद जब जांच शुरू हुई, तब जाकर इस दोहरी पोस्टिंग के काले कारनामे का भंडाफोड़ हुआ। बताया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े की जड़ें सीधे भोपाल मुख्यालय से जुड़ी हैं, जहां से जॉइनिंग लेटर जारी होते हैं। मामले पर शहडोल सीएमएचओ डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा है कि श्योपुर के सीएमएचओ से पूरा रिकॉर्ड मांगा जा रहा है, जिसके बाद कड़ी कार्रवाई होगी। लेकिन जनता पूछ रही है कि इस जालसाज डॉक्टर के साथ-साथ उन भ्रष्ट अफसरों पर एफआईआर कब होगी, जिन्होंने आंखें मूंदकर इस महाघोटाले को अंजाम देने दिया?

बारिश में बेजुबान बछड़े को सड़क पर घसीटा सीसीटीवी में कैद हुई किसान की क्रूरता

शहडोल। सनातन संस्कृति में जहां गाय को पूजनीय मानकर राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग देश भर में गूंज रही है, वहीं शहडोल की धरती से इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक ऐसा घिनौना चेहरा सामने आया है, सिंहपुर थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव में एक पशुपालक ने मर्यादाओं की धज्जियां उड़ाते हुए एक मासूम, बेजुबान बछड़े के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। इस हैवान ने कडक़ड़ाती बारिश के बीच न सिर्फ बछड़े को लाठियों से बेरहमी से पीटा, बल्कि उसके गले में फांसी का फंदा डालकर उसे कीचड़ और पत्थरों से भरी सडक़ पर बेदर्दी से घसीटा।

यह रोंगटे खड़े कर देने वाली पूरी वारदात वहां पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब इसका खौफनाक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि मूसलाधार बारिश के बीच यह कसाई नुमा इंसान तड़पते हुए बछड़े पर जरा भी रहम नहीं खा रहा है। तमाशाबीन बने समाज और इस दरिंदगी को देखकर स्थानीय जनता और गौरक्षकों का खून खौल उठा है। रक्षक दल के सदस्यों ने इस कथित क्रूरता के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है।

वीडियो के सबूत के साथ गौरक्षकों और आक्रोशित ग्रामीणों की भारी भीड़ सिंहपुर थाने जा पहुंची। उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत सौंपकर मांग की है कि इस कृत्य को अंजाम देने वाले आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत तत्काल गैर-जमानती धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे सलाखों के पीछे भेजा जाए। हालांकि सिंहपुर पुलिस ने शिकायत और वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन जनता का एक ही सुर है कि ऐसी हैवानियत करने वाले को कानून का ऐसा सबक सिखाया जाए कि दोबारा कोई बेजुबानों पर हाथ उठाने की जुर्रत न कर सके।

उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए मानद पीएचडी एवार्ड से किया सम्मानित

शहडोल। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व नागरिकता, सेवा एवं प्रत्येक नागरिक को अपना दायित्व बोध के प्रेरक स्काउट आंदोलन को समाज सेवा का दूसरा पर्याय माना जाता है । भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के निष्ठावान राष्ट्रीय प्रशिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक एस नंदन श्रीवास्तव को डॉक्टर ऑफ सोशल सर्विस की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। श्री श्रीवास्तव के साथ जिले से राज्य पुरस्कार से सम्मानित डी.सी. मिश्रा प्राचार्य विचारपुर उमावि को भी दीर्घकालिक उत्कृष्ट सोशल सर्विस लिए मानद पीएचडी एवार्ड प्रदान किया गया। यह गरिमामय का आयोजन पांडिचेरी में आयोजित किया हुआ। यह सम्मान अमेरिका स्थित संयुक्त अमेरिकी नेतृत्व एवं उत्कृष्टता विश्वविद्यालय यूएएलई द्वारा प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट

सामाजिक सेवा में डॉक्टरेट उपाधि प्रदान किया गया है । विश्वविद्यालय द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार श्री श्रीवास्तव को उनकी 50 वर्षों की स्काउटिंग क्रियाकलाप , सामाजिक सेवा, उत्कृष्टता तथा समाज के प्रति समर्पित योगदान के आधार पर इस सम्मान के लिए अनुशंसित किया गया । यह अनुशंसा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय निदेशक डॉ. के. सुकुमारा द्वारा की गई। सम्मान-पत्र के अनुसार मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करने का समारोह को पुडुचेरी में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. के. वेंकटेशन ने भी इस अनुशंसा का अनुमोदन किया है।

मौलाना की घिनौनी करतूत से इलाका शर्मसार, पुलिस ने दबोचा

उमरिया। जिले के चंदिया थाना क्षेत्र से एक ऐसी रूह कंपा देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक 19 वर्षीय बेबस हिंदू युवती को अपनी हवस का शिकार बनाने वाले कथित मौलाना की करतूत के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश और तनाव का माहौल है। हालांकि, चंदिया पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फुर्ती दिखाई और तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

सुनसान जगह पर दिया वारदात को अंजाम

मिली जानकारी के अनुसार, चंदिया का निवासी इस्तियाक मौलाना समाज के माथे पर कलंक बन गया। उसने इलाके की एक 19 साल की युवती को अकेले पाकर, सूने स्थान पर घेर लिया और उसके साथ जबरन मुंह काला किया। इस हैवानियत को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता इस दरिंदगी के सदमे और शारीरिक दर्द को बर्दाश्त नहीं कर सकी। जब उसकी तबीयत बिगडऩे लगी, तब उसने रोते हुए अपनी मां को आपबीती सुनाई। बेटी के साथ हुई इस खौफनाक हरकत को सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

सलाखों के पीछे पहुंचा दरिंदा

आक्रोशित परिजन तुरंत पीड़िता को लेकर चंदिया थाने पहुंचे। मामले की गंभीरता और सांप्रदायिक संवेदनशीलता को भांपते हुए चंदिया पुलिस ने बिना एक पल गंवाए तत्काल एफआईआर दर्ज की। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस की एक टीम ने दबिश देकर आरोपी इस्तियाक मौलाना को धर दबोचा और उसे सीधे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

अस्पताल में इलाज जारी, सख्त कार्रवाई की मांग

इधर, गंभीर हालत में पीड़िता को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण और इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गुस्सा है और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग उठ रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले के हर पहलू की बारीकी से और निष्पक्ष जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों को मजबूत कर कोर्ट में ऐसा चालान पेश किया जाएगा कि आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिले। पुलिस ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है।

बकरी पालन प्रशिक्षण की परीक्षा संपन्न

उमरिया। मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जिले के जनपद पंचायत करकेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन मझौली खुर्दके 35 गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं पुरुषों को बकरी पालन का 12 दिवसीय प्रशिक्षण स्टेट बैंक ऑफ इंडियाग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंधक डॉक्टर तरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक राज बहादुर जायसवाल के सहयोग सेप्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के पश्चात ओम प्रकाश चतुर्वेदी परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमाणीकरण रुडसेटी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार मुख्यालय भोपाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में बकरी पालन की परीक्षा परीक्षक रामसुख दुबे कटनी एवं बैंक से संबंधित परीक्षा परीक्षक पवन कुमार पांडे शहडोल द्वारा परीक्षा ली गई। स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बकरी पालन के अंतर्गतबकरी पालन से लाभ बकरी की नस्ल आवास एवं पोषण बकरियों के लिए चार फसल चक्र बकरियों के बाड़े का रखरखाव बकरियां में प्रजनन व नस्ल सुधार तथाबकरियां में होने वाले जीवाणु जनित विषाणु जनित रोग एवं उनसे बचाव के लिए टीकाकरण परजीवी रोग एवं उनकी रोकथाम आवास स्वच्छ दूध उत्पादन एवं दूध दुहने की पद्धतियों का एवं शासन द्वारा बकरी पालन से संबंधित योजनाओं की जानकारी का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन परीक्षक रामसुख दुबे कटनी द्वारा किया गया तथा बैंकिंग से संबंधित मूल्यांकन पवन कुमार पांडे शहडोलद्वारा किया गया परीक्षा के पश्चात प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । परीक्षा संपन्न कराने में आशीष पटेल जगतकपिल श्रीवास्तव एवं सोम साहूद्वारा सहयोग किया गया।

संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए सतर्क रहें, लक्षण दिखने पर तुरंत दें सूचना

उमरिया।

वर्षा ऋतु के दौरान उमरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों से उल्टी, दस्त, डायरिया, मलेरिया, डेंगू, सर्दी, जुकाम सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के मामले सामने आने की संभावना रहती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ड व्ही एस चंदेल ने बताया कि विगत वर्ष जिले में विशेष रूप से उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई थी। ऐसे में इस वर्ष सभी नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना देने की अपील की गई है।

संक्रामक बीमारियों के दौरान मरीजों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द, तेज बुखार तथा शरीर में पानी की कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। भोजन करने से पहले तथा शौच के बाद साबुन और स्वच्छ पानी से अच्छी तरह हाथ धोएं। हमेशा ताजा एवं गर्म भोजन का ही सेवन करें तथा भोजन, पेयजल और अन्य खाद्य पदार्थों को ढककर रखें। केवल स्वच्छ एवं सुरक्षित पानी का उपयोग करें तथा आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, जिससे संक्रमण फैलने की संभावना कम हो।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी क्षेत्र में उल्टी, दस्त, डायरिया, मलेरिया, डेंगू, सर्दी, जुकाम या अन्य संक्रामक बीमारी फैलने की सूचना मिले तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराएं। इसके लिए डॉ. मुकुल तिवारी, जिला सर्विलेंस अधिकारी (मोबाइल 9179985306) तथा रवि साहू, एपिडिमियोलॉजिस्ट, आईडीएसपी, जिला उमरिया (मोबाइल 9993880940) से संपर्क किया जा सकता है। समय पर सूचना मिलने से स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई कर बीमारी के प्रसार को रोका जा सकेगा।

मानपुर पुलिस की सुस्ती से बढ़े दबंगों के हौसले, न्याय के लिए कप्तान दफ्तर पहुंची बेबस महिला!

उमरिया। जिले के मानपुर थाने में न्याय की आस खो चुकी एक पीड़ित महिला ने अब पुलिस अधीक्षक की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। थाना स्तर पर सुनवाई न होने और राजनीतिक रसूख व धनबल के आगे बेबस हुई पीड़िता सरिता कुशवाहा ने 3 जुलाई 2026 को सीधे एसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी जान-माल की रक्षा के लिए लिखित आवेदन सौंपा है।

घर में घुसकर की मारपीट

शिकायतकर्ता सरिता कुशवाहा पति रामपाल कुशवाहा निवासी मढिया टोला, मानपुर ने आरोप लगाया है कि गांव के ही दबंगों अरुण कुशवाहा, रीता कुशवाहा, अंबुज कुशवाहा और लोधराम कुशवाहा ने एकराय होकर उनके घर पर धावा बोल दिया। कल शाम करीब 5 बजे इन दबंगों ने जबरन घर में घुसकर न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि पीड़िता के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट भी की। जाते-जाते आरोपियों ने खुलेआम धमकी दी कि आज तो बच गई, लेकिन दोबारा दिखी तो जान से खत्म कर देंगे।

नतमस्तक मानपुर पुलिस

पीड़िता का सीधा और गंभीर आरोप है कि आरोपी क्षेत्र के रसूखदार और धनबल से संपन्न व्यक्ति हैं। इसी राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के कारण मानपुर थाना पुलिस उनके खिलाफ कोई भी ठोस कानूनी कार्रवाई करने से कतरा रही है। पुलिस की इस ढुलमुल कार्यप्रणाली और सुस्ती की वजह से आरोपियों के हौसले दिन-प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं, जिससे पीड़िता और उसका परिवार खौफ के साए में जीने को मजबूर है।

अनहोनी हुई तो प्रशासन होगा जिम्मेदार

एसपी को सौंपे गए पत्र में पीड़िता ने दोटूक शब्दों में कहा है कि यदि पुलिस की इस लापरवाही के चलते उसके या उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन और पुलिस प्रशासन की होगी। पीड़िता ने एसपी से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए रसूखदार आरोपियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

इंटेंसिव रजिस्ट्रेशन एंड अवेयरनेस ड्राइव का आयोजन 15 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन कराने हेतु अधिकारियों को सौपे गये दायित्व

उमरिया।

मेरा युवा भारत (माय भारत) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार व्दारा जारी निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं को माय भारत पोर्टल से जोडऩे के लिए इंटेंसिव रजिस्ट्रेशन एंड अवेयरनेस ड्राइव का आयोजन 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। उमरिया जिले के युवाओं को राष्ट्रीय मंचों पर प्रतिभाग कराने की दृष्टि से यह एक कारगर अवसर है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने उमरिया जिले में माय भारत पोर्टल पर युवाओं के बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विभाग/अधिकारियों को सहयोग के लिए दायित्व सौंपा है । उन्होने कहा है कि कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन हेतु सौंपे गये दायित्वों निर्वहन सुनिश्चित करें। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु उमा शंकर त्रिवेदी, जिला युवा अधिकारी, कार्यालय मेरा युवा भारत जिला उमरिया मोबाईल 8920706966 से संपर्क किया जा सकता है।

बारिश की बेरुखी से किसान बेहाल, खरीफ की बुवाई अटकी; गर्मी-उमस ने बढ़ाई मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज कोतमा। जुलाई का पहला सप्ताह बीतने को है, लेकिन क्षेत्र में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों की बुवाई और धान की रोपाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। खेतों में नमी नहीं होने के कारण अधिकांश किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। दूसरी ओर बारिश की कमी से भीषण गर्मी और उमस ने आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त कर दिया है। क्षेत्र में धान, मक्का और सोयाबीन जैसी फसलें पूरी तरह मानसूनी बारिश पर निर्भर हैं। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं और किसान बीज बोने तथा धान की रोपाई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। कृषि

कार्यों में लगातार हो रही देरी से फसल उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। रेउसा गांव के किसान चंद्रभान पनिका ने बताया कि समय पर बारिश नहीं होने से खेती का काम अधूरा पड़ा है। बाड़ी में किसी तरह बिचड़ा तैयार किया गया है, लेकिन खेतों में नमी नहीं होने के कारण उसकी रोपाई संभव नहीं हो पा रही है। अब तक करीब 25 प्रतिशत ही खेती का कार्य हो सका है और सभी किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसान तीरथ सिंह का कहना है कि बारिश नहीं होने से धान सहित खरीफ फसलों की बुवाई पूरी तरह रुक गई है। खेत तैयार करने में किसानों की मेहनत और पैसा लग चुका है, लेकिन पानी के अभाव में रोपाई नहीं हो पा रही है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है और सूखे जैसी स्थिति बनने का खतरा भी बढ़ जाएगा। वहीं किसान रूपसिंह ने बताया कि बिना पानी के फसलें सूखने की कगार पर हैं। इससे किसानों के सामने परिवार का भरण-पोषण और कर्ज चुकाने की चिंता गहराने लगी है। कई किसान पंप और मोटर से खेतों की सिंचाई का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बिजली कटौती और लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण यह भी आसान नहीं है। बारिश नहीं होने से वातावरण में उमस और चिपचिपी गर्मी बढ़ गई है, जिससे आम लोगों का भी हाल बेहाल है। दिनभर तेज गर्मी और रात में उमस के कारण लोगों को राहत नहीं मिल रही है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मानसून में और देरी होती है तो किसान कृषि विभाग से संपर्क कर कम पानी में तैयार होने वाली वैकल्पिक फसलों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर नुकसान को कम करने का प्रयास कर सकते हैं।

चंद्राचार्य धर्माथ चिकित्सालय अमरकंटक में लकवा एवं मिर्गी रोग के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित श्री चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय में रविवार को श्री कल्याण सेवा आश्रम एवं प्रथम हॉस्पिटल, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में लकवा (पैरालिसिस) एवं मिर्गी रोग के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के अनेक ग्रामीणों एवं जरूरतमंद मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

शिविर में कुल 40 मरीजों का पंजीयन किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उनकी समस्याओं का गहन परीक्षण किया तथा आवश्यक उपचार एवं दवा संबंधी परामर्श प्रदान किया। इस अवसर पर मरीजों को रोगों के प्रति जागरूक करते हुए समय पर उपचार, नियमित दवा सेवन तथा संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह भी दी गई। शिविर में डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. एस.के. तिवारी, डॉ. राजेश नंदानी तथा फार्मासिस्ट अभिषेक मिश्रा ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं। आयोजन को सफल बनाने में सुखनंदन सिंह, राजेश कुमार तिवारी, रामसनेही नापित, ईश्वरी पंड्राम एवं दीपक कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि प्रथम हॉस्पिटल, बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम प्रत्येक रविवार को अलग-अलग बीमारियों के उपचार एवं परामर्श हेतु श्री चंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करती है। इन शिविरों के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उनके निकट ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा शिविर में आने वाले सभी मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए निःशुल्क चिकित्सालय सुविधा के साथ-साथ निःशुल्क भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इन निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का लाभ उठाकर समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की।

जल्द सुधार नहीं हुआ तो होगा धरना और भूख हड़ताल

श्रमिक आवासों की मरम्मत में लापरवाही का आरोप, ठेकेदार योगेश गोयंका पर कार्रवाई की

भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष विजय सिंह ने महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना। एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र में श्रमिक आवासों की मरम्मत कार्य में कथित लापरवाही और घटिया निर्माण को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के अध्यक्ष विजय सिंह ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर ठेकेदार योगेश गोयंका के कार्यों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही लंबित मरम्मत कार्यों को तत्काल पूरा कराने की मांग भी उठाई गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र के श्रमिक आवासों

में खिड़की, दरवाजे सहित अन्य मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ठेकेदार योगेश गोयंका द्वारा कई स्थानों पर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। जहां काम किया गया है, वहां गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। कई श्रमिकों के आवासों में अत्यंत आवश्यक मरम्मत कार्य दो से तीन माह से लंबित पड़े हैं, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय मजदूर संघ का कहना है कि इस संबंध में पहले भी स्टाफ अधिकारी (सिविल) और संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति में कोई संतोषजनक सुधार नहीं हुआ। संगठन का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद ठेकेदार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आया और श्रमिकों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ज्ञापन में महाप्रबंधक से मांग की गई है कि ठेकेदार योगेश गोयंका द्वारा अब तक कराए गए सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा गुणवत्ता और लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही जिन आवासों में मरम्मत कार्य अधूरे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष विजय सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि श्रमिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया और ठेकेदार के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेगा। आवश्यकता पड़ने पर श्रमिकों के हित में भूख हड़ताल जैसे आंदोलनात्मक कदम भी उठाए जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

रामनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 230 किलो महुआ लाहन जब्त

आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज राजनगर। जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रामनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 230 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना रामनगर पुलिस ने झीमर नाला के पास दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध रूप से शराब बनाने के उद्देश्य से रखा गया महुआ लाहन बरामद हुआ। पुलिस ने 23 डिब्बों में भरे लगभग 230 किलोग्राम महुआ लाहन को जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने झीमर निवासी संजीव कुमार सिंह (34 वर्ष), पिता जय किशोर सिंह के विरुद्ध थाना रामनगर में अपराध क्रमांक 193/26 दर्ज करते हुए मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(एफ) के तहत प्रकरण कायम किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यवक के साथ मारपीट

कटनी। उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम परसेल में एक युवक को पीटने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। वारदात को अंजाम देने वाले गांव के ही पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस ने मामला कायम किया है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम परसेल निवासी 32 वर्षीय अंकित कुमार कुर्मी को गांव के ही मुन्ना मुसलमान और उसके बेटे करिया मुसलमान ने रात करीब 8:30 बजे उस समय घेर लिया जब वह गांव से गुजर रहा था। आरोपियों ने एकराय होकर अंकित का रास्ता रोका और गालियां देने लगे। विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर अंकित को चोटें पहुंचाईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

खबर संक्षेप

ब्योहारी को मिले पांच डॉक्टर, बुडवा पपौंध बाणसागर रहे खाली

ब्यौहारी। मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में एमपीपीएससी के द्वारा प्रदेश भर में 2400 डॉक्टर का चयन किया गया है इसी क्रम में व्यवहारिक सिविल अस्पताल को पांच डॉक्टर मिले हैं स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी जिन पांच डॉक्टर को सिविल अस्पताल में नियुक्ति मिली है उनमें से डॉक्टर प्रशांत शर्मा डॉ रामकृष्ण पांडे डॉक्टर शुभम पटेल डॉक्टर विकास गुप्ता डॉक्टर मौसमी गुप्ता है लेकिन अफसोस जनक बात यह है कि ब्यौहारी- के बड़े क्षेत्र बुडवा, बाणसागर और पापोंध को कोई डॉक्टर नहीं मिला सभी डॉक्टरों ने अपने सुविधानुसार पोस्टिंग करा ली और ग्रामीण क्षेत्र की जनता ठगी रह गई। देखने वाली बातें होगी कि इन क्षेत्रों में कोई डॉक्टर जाएंगे या फिर शहरी क्षेत्रों ही अपनी अपनी सेवाएं देंगे<

बिलहरी के हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलहरी में अज्ञात शातिर चोर ने मंदिर से हनुमान जी के सिर पर चांदी का मुकुट पार कर दिया। घटना के बाद से स्थानीय श्रद्धालुओं और चौरसिया समाज में भारी आक्रोश है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बिलहरी के चौरसिया मोहल्ला निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग विष्णु चौरसिया पिता टीकाराम चौरसिया ने कुठला थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर मंदिर के भीतर दाखिल हुआ और हनुमान जी के सिर पर रखा चांदी का पुराना मुकुट चोरी कर ले गया। चोरी गए मुकुट का वजन करीब 10 तोला बताया जा रहा है, जिसकी बाजारू कीमत लगभग 5,500 रुपये आंकी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही कुठला पुलिस ने मौका मुआयना किया और अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 305(d) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस हुलिए और मुखबिरों के जरिए संदेहियों की तलाश कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोर को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर भगवान का मुकुट बरामद किया जाए।

विद्युत पोल में आये करंट से गाय की मौत

कटनी। कुठला क्षेत्र में इंडिया होटल के पास बिजली के खंभे में करंट उतर आने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय वहां कोई बच्चा या राहगीर खंभे की चपेट में आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नागरिकों ने तत्काल विद्युत विभाग, नगर निगम और को सूचना दी। सूचना पर विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर तकनीकी खराबी को दुरुस्त किया। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई।वहीं, नगर निगम के अधिकारियों ने भी तत्परता दिखाते हुए मृत गाय को तत्काल मौके से हटवाने की व्यवस्था कराई।

रिलायंस फाउंडेशन एवं आईसीडीएस के संयुक्त प्रयास से जिले के 120 आंगनबाड़ी केंद्र बने वैश्विक मॉडल, ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम का हुआ समापन समारोह

बुढार। रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स एवं रिलायंस सीबीएम - सीएसआर शहडोल के संयुक्त प्रयास तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से संचालित ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम का समापन समारोह एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम संभागीय मुख्यालय में भव्यता पूर्वक आयोजित किया गया।

रिलायंस फाउंडेशन एवं आईसीडीएस के संयुक्त प्रयास से षहडोल जिले के 120 आंगनवाड़ी केंद्र वैश्विक मॉडल में स्थापित होनें का गौरव अर्जित हुआ जिन्हें ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम के मध्य सम्मानित किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग के मुख्यातिथ व उप संचालक महिला एवं बाल विकास श्री गौतम अधिकारी, सहायक संचालक राकेश खरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा तथा रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट के साइट हेड राजेश वर्मा के गौरवमयी उपस्थिति में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन प्रोग्राम का हुआ समापन समारोह आयोजित किया गया।

मुख्यातिथ व अतिथियों नें माँ सरस्वती की प्रतिमां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। इस अवसर पर रिलायंस सीबीएम - सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन में कहाकि - यह परियोजना रिलायंस फाउंडेशन एवं रिलायंस सीबीएम सीएसआर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के उत्कृष्ट समन्वय का परिणाम है, जो सफलता की उँचाईयों की ओर अग्रसर हुई, उन्होंने विशेष रूप से जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में आईसीडीएस विभाग द्वारा प्रदान किए गए निरंतर सहयोग की सराहना की, जिसके कारण यह अभिनव पहल सफलतापूर्वक 120 आंगनवाड़ी केंद्रों में लागू की जा सकी।

रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स की सुश्री सुगंध हैमिल्टन ने कार्यक्रम की पूरी यात्रा को साझा करते हुए बताया कि - शहडोल जिले के 120 आंगनवाड़ी केंद्रों में लागू किया गया यह मॉडल आज वैश्विक स्तर पर एक आदर्श के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने बताया कि - इस अभिनव पहल की सफलता को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अपने सदस्य देशों को इस मॉडल को अपनाने एवं दोहराने का सुझाव दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि - रिलायंस फाउंडेशन यूथ स्पोर्ट्स ने इस पहल का विस्तार करते हुए महाराष्ट्र एवं तेलंगाना के 1 हजार 1 सौ आंगनवाड़ी केंद्रों में भी इसका सफल क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया है।

समारोह के दौरान परियोजना से जुड़े सभी 120 आंगनवाड़ी केंद्रों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट सहभागिता एवं सफल क्रियान्वयन के लिए आयोजित कार्यक्रम के मध्य प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के उत्कृष्ट संचालन के लिए 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। परियोजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 2 मास्टर ट्रेनर्स को भी विशेष सम्मान प्रदत्त किया गया।

इस अवसर पर उप संचालक महिला एवं बाल विकास श्री गौतम अधिकारी ने रिलायंस फाउंडेशन एवं आईसीडीएस शहडोल के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक अनूठी पहल बताया। उन्होंने इस कार्यक्रम का विस्तार शहडोल जिले के शेष आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ-साथ उमरिया एवं अनूपपुर जिलों में भी किए जाने की इच्छा व्यक्त की। जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने इस अभिनव पहल के लिए रिलायंस फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहाकि - यह कार्यक्रम प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में मूल्यों के समावेश का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सहायक संचालक राकेश खरे ने परियोजना के सकारात्मक परिणामों की सराहना करते हुए कहाकि - इस प्रकार की पहल बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक मूल्यों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

मुख्यअतिथि एस.डी.एम. श्रीमती अमृता गर्ग ने रिलायंस फाउंडेशन, रिलायंस सीबीएम एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहाकि - नवाचारपूर्ण कार्यक्रमों का विस्तार सीबीएम परियोजना क्षेत्र के शेष गांवों तक किया जाना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. समीम नें किया। समारोह कार्यक्रम की सफलता में रिलायंस सीबीएम सीएसआर टीम, रिलायंस फाउंडेशन, आईसीडीएस विभाग, मास्टर ट्रेनर्स, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर्स एवं समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का योगदान उल्लेखनीय रहा, और यह पहल बच्चों में मित्रता, सम्मान, उत्कृष्टता, सहयोग, अनुशासन एवं खेल भावना जैसे ओलंपिक मूल्यों को खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से विकसित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक प्रयास सिद्ध हुई है, जो शहडोल जिले में विकसित यह मॉडल अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रेरणा का स्रोत बन चुका है।

चुंगी नाका के पास दुकानों में भरा पानी

ब्यौहारी। नगर परिषद व्यवहारी के अंतर्गत आज शाम 4:00 बजे हुई झमाझम बारिश में चुंगी नाका के पास स्थित कई दुकानों में पानी भर गया परेशान दुकानदारों में गणपति ऑटोमोबाइल के संचालक सौरभ शुक्ला ने बताया कि यहां पर सामने जब भी तेज बारिश होती है तो कई दुकानों में पानी भर जाता है शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं निकला शराब भट्टी से लेकर आरा मशीन तक ठेकेदार की लापरवाही से पानी भर रहा है एमपी आरडीसी को कई बार इसकी सूचना दी गई लेकिन हर बार यही कहा गया कि हम समाधान कर देंगे यदि यहां पर एक मोती पाइप लगाकर सड़क के अंदर से सीधे खटखारिया तालाब में जोड़ दिया जाए तो यहां की समस्या का समाधान आसानी से हो सकता है दुकानदारों ने कलेक्टर से शीघ्र समाधान की मांग की है।

सड़क बनी नदियां और खड़े वाहनों के चका डूबा

ब्योहारी

आज शाम के बारिश ने रीवा - सीधी राजमार्ग चुंगी नाका से टंकी तिहारा सड़क पर नदियां बना खड़े वाहन चका डूबा दिखाई देता है राजमार्ग में बनी नाली का निकास सही नहीं होता जिससे कुछ दुकानदारों के यहां घुसता पानी इस साल कि पहली बरसात है* - रीवा - सीधी चुंगी नाका से टंकी तिहारा राजमार्ग पर बनी नाली के पानी का निकास सही नहीं होने के कारण सड़क बनी नदियां और खड़े वाहनों के चका डूबा दिखाई दे रहा है अभी तो ब्योहारी में सबसे तेज बारिश का पहला दिन था मुश्किल से तेज हवा के साथ गरज बिजली चमक के बाद आधा घंटा तेज बारिश से ये हाल है तो अभी बरसात वाकी है तो ब्योहारी प्रशासन से अपेक्षा है कि राजमार्ग पर बनी नाली का पानी निकास बन बनाए जाएं जिससे भविष्य में किसी प्रकार कोई घाटना घटित होने से बचा जा सकता है

श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला की बैठक संपन्न जिला सम्मेलन की तैयारी के संदर्भ में लिये गये सुझाव

उमरिया

श्रमजीवी पत्रकार संघ की एक आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय स्थित स्वाद पैलेस में दोपहर तीन बजे से आयोजित की गयी। बैठक जिला अध्यक्ष चंद्रकांत दुबे जी की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में प्रदेश सचिव मेंहदी हसन, प्रदेश विज्ञापन प्रभारी नीरज सिंह,संभागीय उपाध्यक्ष राम संजीवन उपाध्याय , संभागीय सचिव राम स्वयवर शर्मा, संभागीय सह सचिव वंश रूप की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से आगामी जिला सम्मेलन के संदर्भ में विस्तार से जिलें भर से आये हुये पदाधिकारियों से सुझाव लिया गया। सभी पदाधिकारियों के सुझाव के पश्चात

तेज रफ्तार कार हादसे के बाद झाड़ियों में घुसी

उमरिया। जिले के पाली थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। मुदरिया तिराहा रविवार को उस वक्त दहल उठा, जब मौत बनकर दौड़ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे बने होटल में जा घुसी। रफ्तार का कहर इतना भयावह था कि जोरदार टक्कर के बाद कार होटल के परखच्चे उड़ाते हुए झाड़ियों में जा फंसी। टक्कर की भीषण आवाज सुनते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कार के आगे और पीछे के शीशे चकनाचूर हो गए, वहीं होटल का ढांचा और अंदर रखा सामान मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत रही कि इस खौफनाक मंजर के दौरान कोई होटल में मौजूद नहीं था, वरना एक बड़ा नरसंहार तय था।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो अंधाधुंध रफ्तार के कारण मोड़ पर चालक का संतुलन खो गया था। होटल संचालिका ने बताया कि कार में दो लोग सवार थे, जो इस खतरनाक एक्सीडेंट के तुरंत बाद होश खोने के बजाय चुपचाप कार से बाहर निकले और दुम दबाकर मौके से रफूचक्कर हो गए। हैरान करने वाली बात यह है कि इस गंभीर तांडव के बाद भी अब तक पाली पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। क्षतिग्रस्त कार डरावनी याद बनकर घटनास्थल पर ही खड़ी है। स्थानीय जनता में इस हिट एंड रन वाले रवैये को लेकर भारी आक्रोश है। अब देखना यह है कि कानून के रखवाले इन रईसजादों पर कब और क्या शिकंजा कसते हैं।

अनियंत्रित होकर कार पलटी

उमरिया। जिला मुख्यालय के डीएफओ कार्यालय के पास रविवार को तेज रफ्तार का जानलेवा रोमांच देखने को मिला। यहां एक अनियंत्रित कार काल बनकर सडक़ पर दौड़ी और बिजली के खंभे को उखाड़ते हुए बीच सडक़ पर पलट गई। गनीमत रही कि इस खौफनाक हादसे में कार सवार चारों लोगों की जान बच गई, वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। चश्मदीदों के मुताबिक, कार क्रमांक एमपी-18-सीए-4335 रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड की ओर अंधाधुंध रफ्तार में भाग रही थी। इसी बीच चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। रफ्तार इतनी तेज थी कि कार पहले खंभे से टकराई और फिर सडक़ पर कई पलटी खाते हुए ढह गई। हादसे के बाद कार लोहे के मलबे में तब्दील हो गई और चीख-पुकार मच गई। हादसा होते ही मौके पर मौजूद स्थानीय लोग देवदूत बनकर दौड़े। उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए कार के अंदर फंसे चारों मुसाफिरों को सकुशल बाहर निकाला, जो जबलपुर जा रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एसडीएम अंबिकेश सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत अपना काफिला रोका। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और मातहतों को फौरन हर संभव मदद के कड़े निर्देश दिए। इस दर्दनाक हादसे ने शहर की यातायात व्यवस्था और बेलगाम रफ्तार पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

भारत विकास परिषद का सेवा पखवाड़ा

स्वामी विवेकानंद शाखा ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

शहडोल।

भारत विकास परिषद अखिल भारत स्तर पर संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश जी के जन्मदिन 27 जून से लेकर स्थापना दिवस 10 जुलाई तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन कर रहा हैं, इसी क्रम में स्वामी विवेकानंद शाखा शहडोल के द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए परिषद की सचिव नीति सिंघल ने बताया कि पांडव नगर स्थित सेवा बस्ती में विद्यार्थीयों को शैक्षिक सामग्री के वितरण के बाद वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला चिकित्सालय में ले जाकर कराया गया। उन्होंने बताया कि परिषद एवं जिला प्रशासन के सहयोग से वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित किया जाता है, किंतु सेवा पखवाड़ा के तहत परिषद ने रहवासियों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य की जांच के लिए जिला अस्पताल ले जाकर उनके रक्त की जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श दिलवाया गया। साथ ही आवश्यक दवाओ का वितरण भी सुनिश्चित किया गया।

5 जुलाई को ज्ञानोदय विद्यालय विचारपुर के कैंपस में 50 से अधिक विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। जो वृक्ष के रूप में विकसित हो इसके लिए विद्यालय के बच्चों को पौधों का अभिभावक बनाकर उसे बड़ा करने की जिम्मेदारी दी गई। रोपे गए पौधों में आम नींबू आंवला अमरूद सीताफल हर्रा बहेरा नीम पीपल काजू बांस आदि विभिन्न प्रकार के फल एवं छायादार प्रजातियां शामिल है। वृक्षारोपण के बाद विद्यालय के सभागार में परिषद का शाखा स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमें परिषद के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यशाला में नीति सिंघल ने शाखा संचालन की कार्य विधि, मनीष गुप्ता ने सदस्यता विस्तार, सुशील सिंघल ने आदर्श शाखा की विशेषताओ और एसएस जौहरी ने संगठन में संपर्क के महत्व को बताया। कार्यशाला में सीए सुशील सिंघल एवं डॉ. अम्बुज सोनी का सम्मान भी किया गया। विद्यालय की किशोरी बालिकाओ के मध्य एनीमिया एवं सिकल सेल के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला बाल विकास की सेवानिवृत्ति परियोजना अधिकारी निशा दीक्षित ने एनीमिया के बारे में तथा डॉ. अंबुज सोनी ने सिकल सेल के बारे में बच्चों को जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला चिकित्सालय की प्रबन्धक एवं परिषद सदस्य पूजा सोनी ने सभी बालिकाओं के सिकल सेल स्क्रीनिंग कराए जाने का आश्वासन दिया। उपरोक्त विभिन्न कार्यक्रमों में परिषद के सदस्य सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ, भारती गुप्ता, डॉ रितु सोनी, श्रीजा गुप्ता, ममता नेमा, अखिलेश शर्मा, प्रमोद सोनी, अजय मोर, रवि नेमा, अरुणिमा सिंह, विजय दुबे, संगीता मोर, देवेंद्र गुप्ता, गौरव मिश्रा, रविकांत द्विवेदी, संजू शर्मा, क्षमा मिश्रा, नीरज गुप्ता, नेहा गुप्ता, अनिल दीक्षित, हेमा गुप्ता, वर्षा द्विवेदी, रेनू मिश्रा, सूर्यांश, मिष्टी, अन्वी, निष्ठा विद्यालय के प्राचार्य एनके प्रजापति तथा एसके पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा कार्यालय में होगा कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अनूपपुर द्वारा 6 जुलाई सोमवार को दोपहर 2:00 बजे जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं का वृहद सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह, पूर्व मंत्री अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह, भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, बृजेश गौतम, अनिल गुप्ता, आधाराम वैश्य सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान, भारतीय जनसंघ की स्थापना, संगठन के विस्तार तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए किए गए संघर्षों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए जाएंगे। भाजपा जिला प्रभारी संजय साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा प्रदान की गई।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 10 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भारत शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन संसदीय क्षेत्र शहडोल की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में 10 जुलाई को अपरान्ह 2 बजे से कलेक्ट्रेट नर्मदा सभागार अनूपपुर में किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया है कि बैठक में एजेंडा बिंदु विभागों के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की जावेगी।

जैतहरी टीआई अमर वर्मा लाइन अटैच, प्रशासनिक आदेश के बाद चर्चाओं का दौर

अनूपपुर। जैतहरी थाने में पदस्थ टीआई अमर वर्मा को पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब द्वारा प्रशासनिक आधार पर लाइन अटैच किए जाने का आदेश जारी किया गया है। आदेश के बाद जिले में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। हालांकि आदेश में लाइन अटैच किए जाने का कारण केवल प्रशासनिक बताया गया है। जानकारी के अनुसार टीआई अमर वर्मा के विरुद्ध पूर्व में विभिन्न मामलों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष शिकायतें प्रस्तुत की गई थीं। शिकायतों में सेवा नियमों के कथित उल्लंघन, विभागीय अनुमति के बिना भूमि क्रय, सरकारी आवास से जुड़े मामलों सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार इन शिकायतों की प्रतिलिपियां पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई थीं।

रात्रि गश्त की पोल खोल गई, राजेंद्रग्राम में भीषण आगजनी

जलती दुकानों की लपट का शिकार हुई जर्सी गाय, हुई मौत

पुष्पराजगढ़ मुख्यालय राजेंद्रग्राम में हुई भीषण आगजनी ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रातभर सायरन बजाकर गश्त की औपचारिकता निभाई जाती रही है, लेकिन जब आग ने विकराल रूप लिया तब न दुकानों को बचाया जा सका और न ही एक गर्भवती जर्सी गाय की जान को। अब जनता पूछ रही है कि सुरक्षा व्यवस्था आखिर जनता के लिए है या केवल कागजी दावों तक सीमित रह गई है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिले के राजेंद्रग्राम बस स्टैंड में बीते रात हुई आगजनी ने कई परिवारों की जिंदगी को राख में बदल दिया है। कल्याण की फर्नीचर दुकान, मोहन जायसवाल की दुकान और शकुंतला की गर्भवती जर्सी गाय इस हादसे की भेंट चढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस की रात्रि गश्त केवल सायरन बजाकर निकल जाने तक सीमित है, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में न तो प्रभावी निगरानी होती है और न ही अवैध गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जाता है। लोगों का यह भी कहना है कि बस स्टैंड क्षेत्र में बिरयानी दुकानों की आड़ में खुलेआम देशी शराब की बिक्री होती है, जिससे देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है और समय पर प्रभावी कार्यवाही होती, तो संभव है कि नुकसान कम होता। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच आवश्यक है। फिलहाल पीड़ित परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा है और वे प्रशासन से तत्काल राहत एवं पुनर्वास की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

रात्रि गश्त या सिर्फ सायरन की औपचारिकता?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस वाहन रात में तेज सायरन बजाते हुए मुख्य मार्गों से गुजर जाते हैं, लेकिन संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी निगरानी नहीं होती है। आगजनी की इस घटना ने रात्रि गश्त की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि गश्त वास्तव में सतर्क और जवाबदेह होती तो आग फैलने से पहले राहत कार्य शुरू हो सकता था और नुकसान काफी हद तक कम किया जा सकता था।

बस स्टैंड में अवैध शराब का खेल, थानेदार हुए फेल?

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि राजेंद्रग्राम बस स्टैंड में कई बिरयानी दुकानों की आड़ में लंबे समय से देसी शराब की बिक्री की जा रही है। दिन से ही यहां भीड़ और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगना आम बात बताई जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम कार्यवाही कर अवैध कारोबार पर लगाम लगाई जाती तो क्षेत्र का माहौल इतना बिगड़ता नहीं जितना अब तक दिखाई देता रहा है। इन आरोपों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

आग ने छीन लिया परिवार का एकमात्र सहारा

आगजनी में कल्याण की फर्नीचर दुकान पूरी तरह जल गई है। यही दुकान उनके परिवार की आजीविका का मुख्य साधन थी। अब परिवार के सामने रोजमर्रा के खर्च और भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है। मोहन जायसवाल को भी भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि वर्षों की मेहनत कुछ ही घंटों में राख बन गई और अब वे शासन-प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।

बेजुबान की मौत ने बढ़ाए सवाल

इस हादसे में शकुंतला दुबे की गर्भवती जर्सी गाय की दर्दनाक मौत ने लोगों को झकझोर दिया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि आग पर समय रहते काबू पा लिया जाता तो इस बेजुबान की जान बच सकती थी। यह घटना केवल संपत्ति के नुकसान तक सीमित नहीं रही, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी गहरा आघात पहुंचाकर चली गई है।

राहत की आस में टकटकी लगाए पीड़ित परिवार

पीड़ित परिवारों को उम्मीद है कि शासन और प्रशासन तत्काल राहत पैकेज, आर्थिक सहायता और रोजगार पुनर्स्थापना की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल जांच के आदेश काफी नहीं होंगे, बल्कि प्रभावित परिवारों को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए विशेष सहायता योजना लागू की जानी चाहिए। यही इस त्रासदी के बाद प्रशासन की वास्तविक परीक्षा होगी जिसे जनता खुली आंखों से देख रही है।

डोला में देर रात दर्दनाक हादसा, तालाब में गिरी कार, एक युवक की मौत

स्थानीय युवकों और पुलिस की बहादुरी से बचीं दो जानें

राजनगर। जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डोला रेलवे क्रॉसिंग के समीप शनिवार देर रात करीब 11:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे रखी बजरी और डस्ट के ढेर से टकराकर अनियंत्रित हो गई और पास स्थित गहरे तालाब में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय युवाओं की बहादुरी और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दो युवकों की जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 31 सी 0935 तेज गति से गुजर रहा था। अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री से टकराने के बाद सीधे तालाब में जा समाई। देखते ही देखते वाहन पानी में डूबने लगा और उसमें सवार युवक बाहर नहीं निकल सके। हादसा होते ही डोला निवासी बिट्टू पनिका, रामनरेश गुप्ता और दिलीप सिंह बिना अपनी जान की परवाह किए तालाब में कूद पड़े। तीनों ने कार तक पहुंचकर उसमें फंसे युवकों को बाहर निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम और रामनगर थाना पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। थाना रामनगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक अमित पटेल ने पुलिस बल के साथ राहत एवं बचाव अभियान की कमान संभाली। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई भी शुरू कर दी। इस हादसे में शुभम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि राहुल और चंदन घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण वाहन का अनियंत्रित होकर तालाब में गिरना बताया जा रहा है। पुलिस हादसे के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने समय रहते तालाब में छलांग लगाकर दो युवकों की जान बचाने वाले साहसी युवाओं की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किए जाने की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि संकट की घड़ी में आम नागरिकों की तत्परता और पुलिस की सक्रियता कई अनमोल जिंदगियां बचा सकती है।

डायल-112, रामनगर पुलिस और डोला के युवाओं ने चलाया रेस्क्यू अभियान

फर्जी जॉब कार्ड से लाखों रुपये के भुगतान का आरोप, कलेक्टर से जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज

अनूपपुर। जिले की जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत छिल्पा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत फर्जी जॉब कार्ड के माध्यम से नियमविरुद्ध भुगतान किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कलेक्टर अनूपपुर को लिखित शिकायत सौंपकर संबंधित जॉब कार्ड निरस्त करने, अब तक किए गए भुगतान की वसूली तथा दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं लाभार्थी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत छिल्पा निवासी मीरा बाई पटेल, पति राजमणि पटेल ने पंचायत कर्मियों से कथित मिलीभगत कर नियमों के विपरीत मनरेगा का जॉब कार्ड बनवा लिया। शिकायत के अनुसार संबंधित महिला सक्षम एवं संपन्न परिवार से होने के बावजूद मनरेगा के विभिन्न कार्यों में बिना मजदूरी किए अपने नाम से लगातार भुगतान प्राप्त करती रही। आरोप है कि प्रत्येक कार्य में वास्तविक रूप से श्रम किए बिना ही उपस्थिति दर्ज कराकर मजदूरी की राशि निकाल ली गई, जिससे शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं जरूरतमंद मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि अपात्र व्यक्तियों को नियमों के विरुद्ध लाभ दिया जा रहा है तो इससे योजना की मूल भावना प्रभावित हो रही है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कथित मिलीभगत के कारण यह पूरा मामला लंबे समय से चलता रहा और किसी स्तर पर इसकी जांच नहीं की गई। कलेक्टर को दिए गए आवेदन में जॉब कार्ड क्रमांक एमपी-46-002-011/13 की विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही जॉब कार्ड जारी होने की तिथि से अब तक हुए सभी भुगतानों का सत्यापन कर नियमविरुद्ध प्राप्त राशि की वसूली करने तथा पूरे प्रकरण में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक एवं विभागीय कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। शिकायत के बाद अब यह मामला प्रशासन के संज्ञान में पहुंच गया है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो मनरेगा योजना में हुए कथित वित्तीय अनियमितताओं पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले में जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

म.प्र.जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

4 जुलाई मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व के रूप में विकासखंड पुष्पराजगढ़ के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ के प्रांगण में जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय की उपस्थिति में परामर्शदाता सीएमसीएल डीपी के छात्रों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान परिसर प्रांगण में जामुन, अमरुद, कटहल, नाशपाती, आम के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय ने कहा कि पेड़ पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सब की जिम्मेदारी है पेड़ पौधे हम सब को जीवन प्रदान करते हैं यह हमारे जीवन के लिए प्राण वायु प्रदान करते हैं इसलिए हम उनके प्रति संवेदनशील रहकर अधिक से अधिक पौधे लगाए। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को स्वेक्षिकता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय का स्टाफ परामर्शदाता रमेश तिवारी, बब्बू चंद्रवंशी, अमन त्रिवेदी, नवांकुर संस्था से भगत गोयल एवं सीएमसीएल डीपी के छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

राहुल प्रियंका सेना के प्रदेश महामंत्री बनने पर श्रीधर शर्मा का अमरकंटक में भव्य स्वागत

शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अमरकंटक। राहुल प्रियंका सेना में प्रदेश महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद श्रीधर शर्मा का अमरकंटक नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, समर्थकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को उत्सव का स्वरूप प्रदान कर दिया। पूरे नगर में हर्षोल्लास का माहौल रहा और समर्थकों ने फूल-मालाओं, जयघोष एवं आतिशबाजी के साथ अपने लोकप्रिय नेता का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक क्षण तब देखने को मिला जब मां नर्मदा के पावन उद्गम स्थल पर उपस्थित साधु-संतों ने श्रीधर शर्मा को आशीर्वाद प्रदान किया। संतों ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन की कामना करते हुए जनसेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। धार्मिक वातावरण में हुए इस सम्मान ने पूरे कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। श्रीधर शर्मा के सम्मान में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, युवाओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया तथा लोगों ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी व्यक्त की। भव्य शोभायात्रा श्रीमाता सदन अमरकंटक से प्रारंभ हुई। इसके बाद

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पूरे नगर का भ्रमण करती रही। अंत में मां नर्मदा के पावन उद्गम स्थल पहुंचकर कार्यक्रम का समापन हुआ, जहां सभी ने मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। प्रदेश महामंत्री बनने की खबर से पूरे नगर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने श्रीधर शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना था कि इस नई जिम्मेदारी से क्षेत्र की आवाज प्रदेश स्तर पर और अधिक मजबूती से उठेगी। अंत में श्रीमाता सदन में सैकड़ों साधु संतों सहित नगर के उपस्थित जनों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया और तृप्त होकर साधु संतों ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए कार्यक्रम को अंतिम स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने श्रीधर शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की तथा जनहित एवं संगठन की मजबूती के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। स्वागत यात्रा में मुख्य रूप से संतों का समागम के साथ नगर पारिषद की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह, उपाध्याय रज्जू सिंह नेताम, पार्षद विमला दुबे, धनंजय तिवारी, हरि सिंह, विनायक द्विवेदी, वीरू तंबोली, रवि परस्ते, मनीष मानिकपूरी, अमित श्याम, राजेश नागवंशी, सुल्तान, आदित्य जैसवाल, अमन मार्को, सत्यम मार्को, रवि सिंह, सुनीता सिंग, सुरेश दुबे, राहुल उमराव आदि काँग्रेसी उपास्थित रहे।